## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, साहेबगंज

## महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एम0जी0 नरेगा) अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु

### –: आवश्यक सूचना :–

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार का संकल्प ज्ञापांक–4729 / दिनांक–04.06.2007, 6440 / दिनांक–17.07.12 एवं ज्ञापांक–(N)848 / दिनांक–21.03.2017 के आलोक में सूचित किया जाता है कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, साहेबगंज के अधीन केन्द्र प्रायोजित महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एम0जी0 नरेगा) की योजनाओं के कार्यान्वयन एवं लेखा संधारण हेतु साहेबगंज जिला के लिये क्रमशः प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति की जानी है। रिक्ति का कोटिवार विवरण निम्नरूपेण है :–

| क्र0 सं0 | आवेदित पद का नाम | अनारक्षित | अनु0जन0जा0 (बैक लॉग सहित) | अनु0 जा0 | अत्य0 पिछड़ा वर्ग (बैक लॉग सहित) | पिछड़ा वर्ग (बैक लॉग सहित) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 02 | 03 | 00 | 01 | 00 | 06 |
| 2. | तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 3. | तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | 05 | 13 | 0 | 01 | 01 | 20 |
| 4. | लेखा सहायक | 0 | 04 | 0 | 0 | 0 | 04 |
| 5. | कम्प्यूटर सहायक | 01 | 04 | 0 | 0 | 0 | 05 |

***नोटः–***कोटिवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

<u>नियुक्ति हेतु शर्त्त निम्नवत है</u> :–

1. आवेदन पत्र **उपायुक्त, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, साहेबगंज** के पदनाम से देय होगा।
2. **मासिक परिलब्धि / संविदा राशि :– ग्रामीण विकास विभाग का संकल्प ज्ञापांक–(N)2369 / दिनांक–30.09.2016 के आलोक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी का एक मुश्त मासिक संविदा राशि–19,500 / – (उन्नीस हजार पांच सौ) रूपये एवं तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)–19,234 / – (उन्नीस हजार दो सौ चौतीस) रूपये मात्र, तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) का 17532 / –(सत्तरह हजार पांच सौ बत्तीस) रूपये मात्र, लेखा सहायक का 10,000 / –(दस हजार) रूपये एवं कम्प्यूटर सहायक–10,000 / –(दस हजार) रूपये मात्र।**

☐

3. **शैक्षणिक योग्यता –**

**(क) प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताएं –**

**(i) अनिवार्य योग्यता :–**

सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी संकाय एवं विषय में स्नातक प्रतिष्ठा 55 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण। सामान्य तथा वैसे स्नातक प्रतिष्ठा उत्तीर्ण, जिनका प्राप्तांक प्रतिशत 55 प्रतिशत से कम है परन्तु वे स्नातकोत्तर उत्तीर्ण हों तो वे भी आवेदन समर्पित कर सकेंगे। सामान्य स्नातक तथा स्नातक प्रतिष्ठा में समतुल्यता स्थापित करने के लिए सामान्य स्नातक के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा दिया जायेगा तथा ऐसे घटे हुए प्राप्तांक प्रतिशत को स्नातक प्रतिष्ठा की कोटि में अंकित किया जायेगा।

(ii) **अतिरिक्त योग्यता :–**

(a) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0, बी0सी0ए0/बी0एस0सी0 कम्प्यूटर/ बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स तथा एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान) अतिरिक्त योग्यताएँ मानी जायेगी। एम0बी0ए0 एवं पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0आर0डी0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटाकर एम0बी0ए0 की कोटि में प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जायेगा। बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर को बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स की श्रेणी में लाने के हेतु उनमें प्राप्तांक प्रतिशत से 5 क्रमशः घटा दिये जायेंगे तथा बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स कोटि में तद्नुरूप प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जायेगा।

(b) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएँ समझा जायेगा एवं तद्नुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोडे जायेंगे। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्या लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा। जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0 या बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साईंस या बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स से पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा कर उसके प्राप्तांक को एम0सी0ए0 की कोटि में रखा जायेगा।

**(ख) तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) के पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताएँ :**

(i) **अनिवार्य योग्यता** :

सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में बी0ई0 या बी0टेक0 अनिवार्य योग्यता होगी।

(ii) **अतिरिक्त योग्यता** :

(a) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में एम0टेक0 तथा पी0जी0डी0सी0ए0/एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्यूटर साईंस अतिरिक्त योग्यता होगी।

(b) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएँ समझा जायेगा एवं तद्नुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगे। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा।

**(ग) तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) के पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताएँ :–**

**(i) अनिवार्य योग्यता :–**

सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में डिप्लोमा अनिवार्य योग्यता होगी।

**(ii) <u>अतिरिक्त योग्यता</u> :–**

(a) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में बी0टेक / बी0ई0, बी0सी0ए0 / बी0एस0सी0 कम्प्यूटर / बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स तथा एम0सी0ए0 / पी0जी0डी0सी0ए0 / एम0एस0सी0 कम्प्यूटर साईंस अतिरिक्त योग्यता होगी।

(b) बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर को बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स की श्रेणी में लाने के हेतु उनकें प्राप्तांक प्रतिशत से 5 क्रमशः घटा दिये जायेंगे तथा बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स कोटि में तद्नुरूप प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जायेगा।

(c) एम0सी0ए0 / एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएँ समझा जायेगा एवं तद्नुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़ें जायेंगे। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा।

**(घ) लेखा सहायक के पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताएँ :**

(i) **<u>अनिवार्य योग्यता</u>** :

सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से बी0कॉम ऑनर्स या सामान्य बी0कॉम न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण। सामान्य बी0कॉम उत्तीर्ण जिन्हे 55 प्रतिशत प्राप्त नहीं हुआ हो, परन्तु जिन्होंने तत्पश्चात् एम0कॉम किया तो तो वे आवेदन दे सकेंगे परन्तु बी0कॉम के कुल प्रतिशत प्राप्तांक में 5 घटा कर उसे बी0कॉम ऑनर्स की कोटि में अंकित किया जायेगा।

(ii) **<u>अतिरिक्त योग्यता</u>** :

(c) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से एम0 कॉम, बी0 सी0 ए0 तथा एम0 सी0ए0 / पी0जी0डी0सी0ए0 / एम0एस0सी0 अतिरिक्त योग्यता होगी।

(d) एम0सी0ए0 / एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएँ समझा जायेगा एवं तद्नुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 के कोटि में जोड़े जायेगे।पी0जी0 डी0सी0ए0 एवं एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0 के पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा कर उसके प्राप्तांक को एम0सी0ए0की कोटि में रखा जायेगा।

**(ड़) कम्प्यूटर सहायक के पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताएँ :**

(i) <u>अनिवार्य योग्यता</u> :

(क) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से निम्नांकित कोटि के व्यक्ति आवेदन दे सकेगें :–

1. बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स
2. बी0एस0सी0 कम्प्यूटर सामान्य
3. बी0सी0ए0
4. सामान्य स्नातक उत्तीर्ण के पश्चात पी0जी0डी0सी0ए0 उत्तीर्ण।

(ख) बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर के प्रतिशत प्राप्तांक में 5 घटाते हुए उसे बी0एस0सी0

कम्प्यूटर ऑनर्स की कोटि में अंकित किया जायेगा। वैसे सामान्य स्नातक जिन्होने तत्पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो, के सामान्य स्नातक के प्रतिशत प्राप्तांक में 10 घटा कर बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स की कोटि अंकित किया जायेगा।

(ii) <u>अतिरिक्त योग्यता</u> :

(क) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0सी0ए0/पी0जी0डी0सी0ए0/ एम0एस0सी0 कम्प्यूटर साईंस अतिरिक्त योग्यता होगी।

(ख) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएँ समझा जायेगा तथा तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेगें। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा। जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0/सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर के पश्चत् पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटाकर उसके प्राप्तांक प्रतिशत को एम0सी0ए0 की कोटि में रखा जायेगा।

4. आयु सीमा 01.05.2017 को न्यूनतम 18 वर्ष

5. अधिकतम : आयु सीमा

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अनारक्षित | – | 35 वर्ष |
| (ख) | पिछड़ा/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | – | 37 वर्ष |
| (ग) | महिला (अनारक्षित, पिछड़ा एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग) | – | 38 वर्ष |
| (घ) | अनुसूचित जाति/अनु0 जन जाति (पुरूष एवं महिला) | – | 40 वर्ष |

6. <u>आरक्षण</u> – अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ी जाति के अभ्यार्थियों के लिए आरक्षण रोस्टर साहेबगंज जिला के तत्समय निर्गत आदेशों के अनुसार निर्धारित किया जायेगा। साथ ही विकलांगो के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान क्षैतिज रूप से किया जायेगा। विकलांगता के दावा हेतु विकलांगता प्रमाण–पत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त संलग्न करना होगा। आरक्षण के दावा हेतु अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत अद्यतन जाति प्रमाण पत्र/निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही लिफाफे के **ऊपर पद एवं कोटि का उल्लेख स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा।**

कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार के संकल्प सं0–5939/दि0–14.07.2016 क आलोक में इन पदों पर साहेबगंज जिले के स्थानीय निवासियों की ही नियुक्ति की जाएगी।

अतः आवेदन के साथ अनुमण्डल पदाधिकारी के द्वारा निर्गत अद्यतन निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करना सभी कोटि के अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है। अन्यथा उनकी पात्रता पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. चयनित अभ्यर्थियों का पदस्थापन साहेबगंज जिला के किसी प्रखंड में उपायुक्त, साहेबगंज द्वारा किया जायेगा तथा उनका पदस्थापन संबंधी निर्णय बाध्यकारी एवं अन्तिम होगा।

8. किसी कार्यरत कर्मी की सेवा की आवश्यकता नहीं रहने की स्थिति में उसे एक माह की लिखित सूचना या एक माह की परिलब्धि देकर सेवा समाप्त कर दी जायेगी तथा कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर कार्यरत कर्मी की सेवा नियुक्ति पदाधिकारी के द्वारा किसी भी समय समाप्त कर दी जायेगी। संविदा का हर वर्ष नवीकरण होगा।

9. अभ्यर्थी द्वारा किसी एक जिला में ही आवेदन दिया जा सकेगा। उसे आवेदन के साथ यह शपथपत्र देना होगा कि झारखंड राज्य के किसी अन्य जिला में इस पद हेतु आवेदन समर्पित नहीं किया है। यदि उनका यह शपथपत्र कभी भी गलत पाया गया तो उनकी नियुक्ति स्वतः रद्द समझी जायेगी तथा उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

10. **नियुक्ति का प्रकार पदस्थापन स्थल एवं नियुक्ति की अवधि/नियुक्ति का नवीकरण कार्य**

(क) नियमावली के परिशिष्ट I एवं II में उल्लेखित सभी पदों पर नियुक्तियाँ पूर्णतया संविदा के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्ति व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का सरकार पर कोई दायित्व नहीं होगा।

(ख) प्रारंभिक चरण में ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा इस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व पद विशेष पद नियुक्ति के लिए गठित नियुक्ति समिति के द्वारा उनके कार्यों की समीक्षा की जायेगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के द्वारा समय–समय पर लिये गये निर्णय के अनुरूप यदि उनके सेवाओं की आवश्यकता बनी रहेगी तो नियुक्ति समिति द्वारा की कार्य की समीक्षा के पश्चात् उपयुक्त पाये जाने पर वार्षिक रूप से ऐसी नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा।

(ग) संविदा के आधार पर नियुक्ति का नियम – 11 (ख) में वर्णित प्रावधान के अनुरूप नवीकरण नहीं होने पर ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

(घ) यदि कोई कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी ऐसी नियुक्ति से स्वतः मुक्त होना चाहेगा तो उसे अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से नियुक्ति पदाधिकारी को इसकी लिखित सूचना एक माह पूर्व देनी होगी या एक माह की परिलब्धि जमा करनी होगी। इसके विपरित यदि नियुक्ति पदाधिकारी को ऐसे कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी की सेवा की आवश्यकता नहीं हो तो वे उसे एक माह की लिखित सूचना या एक माह की परिलब्धि देकर कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी की सेवा समापत कर सकेंगे। परन्तु कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर ऐसे कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी की सेवा नियुक्त पदाधिकारी के द्वारा किसी भी वक्त समाप्त कर दी जायेगी।

11. आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन पत्र दिनांक–20.06.2017 तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय अवधि में उपायुक्त, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, साहेबगंज को प्राप्त हो जाना चाहिए। विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे।

12. एक अभ्यर्थी एक से अधिक पदो ंके लिए आवेदन जमा कर सकते है। इसके लिए उन्हें पदवार अलग–अलग आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा।

**ह0/–**

उपायुक्त,
साहेबगंज।

# आवेदन पत्र का प्रपत्र

| |
|---|
| **विगत छः माह का पासपोर्ट साईज फोटो** |

1. अभ्यर्थी का नाम :–
   (a) (देवनागरी लिपि में)
   (b) (रोमन लिपि में)
2. पिता / पति का नाम :–

   (a) (देवनागरी लिपि में)
   (b) (रोमन लिपि में)

3. माता का नाम :–
4. स्थायी पता :– ग्राम – पो0– प्रखंड–
   थाना – जिला–

5. वर्त्तमान पता :–

6.(a) जन्म तिथि :– (b) दिनांक–01.05.2017 को आयु [ ] वर्ष [ ] माह [ ] दिन
7. लिंग : पुरूष / महिला
8. कोटि : अ0जा0 / अज0जा0जा0 / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग / पिछड़ी जाति / समान्य (जो लागू नहीं हो काट दें)
   SC/ST/BC (Annexure-2) OBC (Annuxure-I)/General

9. (क) अनुभव का विवरणी एवं प्रमाण पत्र :–

10. (a) शपथपत्र का विवरण :– (b) आवासीय प्रमाण–पत्र का सं0 एवं तिथि :–
    (c) जाति प्रमाण–पत्र का सं0 एवं तिथि :–

11. दूरभाष / मोबाईल नं0:– E-mail ID :–
12. **शैक्षणिक योग्यता :– प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी पद के लिए**

**अनिवार्य योग्यता** :–

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय / संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक | | | | |

**अतिरिक्त योग्यता** :–

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय / संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर | | | | |
| 2 | एम0बी0ए0 / पी0जी0डी0बी0ए0 / पी0जी0डी0बी0एम0 / पी0जी0डी0आर0डी0 | | | | |
| 3 | बी0सी0ए0 / B.Sc कम्प्यूटर / B.Sc कम्प्यूटर आर्नस | | | | |
| 4 | एम0सी0ए0 / M.Sc कम्प्यूटर साईंस | | | | |

**तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) पद के लिए**

**अनिवार्य योग्यता :–**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय / संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी0ई0 / बी0टेक0 (सिविल संकाय) | | | | |

**अतिरिक्त योग्यता :–**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय / संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एम0टेक0 (सिविल) | | | | |
| 2 | पी0जी0डी0सी0ए0 | | | | |
| 3 | बी0एस0सी0 कम्प्यूटर | | | | |
| 4 | एम0सी0ए0 | | | | |
| 5 | M.Sc कम्प्यूटर साईंस | | | | |

**तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) पद के लिए**

**अनिवार्य योग्यता :–**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय / संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा (सिविल संकाय) | | | | |

**अतिरिक्त योग्यता :–**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय / संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी0टेक0 / बी0ई0 (सिविल) | | | | |
| 2 | बी0सी0ए0 | | | | |
| 3 | बी0एस0सी0 कम्प्यूटर | | | | |
| 4 | B.Sc कम्प्यूटर आर्नस | | | | |
| 5 | एम0सी0ए0 | | | | |
| 6 | पी0जी0डी0सी0ए0 | | | | |
| 7 | M.Sc कम्प्यूटर साईंस | | | | |

**शैक्षणिक योग्यता :– लेखा सहायक पद के लिए**

**अनिवार्य योग्यता**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी0कॉम0 | | | | |

**अतिरिक्त योग्यता :–**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एम0कॉम0 | | | | |
| 2 | बी0सी0ए0 | | | | |
| 3 | एम0सी0ए0 | | | | |
| 4 | पी0जी0डी0सी0ए0 | | | | |
| 5 | एम0एस0ए0 | | | | |

**शैक्षणिक योग्यता :– कम्प्यूटर सहायक पद के लिए**

**अनिवार्य योग्यता :–**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B.Sc कम्प्यूटर आर्नस | | | | |
| 2 | B.Sc कम्प्यूटर सामान्य | | | | |
| 3 | बी0सी0ए0 | | | | |
| 4 | सामान्य स्नातक के पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 | | | | |

**अतिरिक्त योग्यता :–**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एम0सी0ए0 | | | | |
| 2 | पी0जी0डी0सी0ए0 | | | | |
| 3 | बी0सी0ए0 | | | | |
| 4 | B.Sc कम्प्यूटर साईंस | | | | |

अनुलग्नक :–

आवेदक का हस्ताक्षर

तिथि :–
समय :–